अधीक्षण अभियन्ता (यां0) का कार्यालय
सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक अंचल, पटना
E-Mail-seiemcpatna@gmail.com

प्रेस–विज्ञप्ति

श्रीमती शिवानी कुमारी, निम्नवर्गीय लिपिक, क्षेत्र यंत्र प्रमण्डल, दीघा, पटना (पत्राचार का पता द्वारा–शारदा रंजन सिन्हा, रामलखन वाटिका, विजय बिहार कॉलोनी, पूर्वी गोला रोड, पो0–दानापुर, जिला–पटना–801503) के विरूद्ध दिनांक–18.01.2024 से स्वेच्छापूर्वक/बिना सूचना के/अनाधिकृत रूप से कर्तव्य से अनुपस्थित रहने संबंधी आरोपों की जाँच हेतु मुख्य अभियन्ता (यांत्रिक), जल संसाधन विभाग, पटना के आदेश संख्या–09 सह पठित ज्ञापांक–188 दिनांक 21.01.2026 द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। विभागीय कार्यवाही संचालन में उपस्थित रहने हेतु आपको विभिन्न पत्रों (इस कार्यालय के पत्रांक 283 दिनांक 24.03.2026, पत्रांक 331 दिनांक 16.04.2026 एवं पत्रांक 381 दिनांक 06.05.2026) द्वारा अनेकबार तिथि निर्धारित करते हुए क्रमशः दिनांक 07.04.2026, 04.05.2026 एवं 22.05.2026 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित रहकर अपना पक्ष रखने हेतु निदेशित किया जाता रहा है, परन्तु किसी भी सुनवाई में आप उपस्थित नहीं हुई। इस कार्यालय के पत्रांक 283 दिनांक 24.03.2026 द्वारा प्रथम विभागीय कार्यवाही की तिथि दिनांक 07.04.2026 को निर्धारित करते हुए सुनवाई में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु आपके पत्राचार/आवासीय पते पर विशेष दूत के माध्यम से पत्र आपके ससुर (Father -in-Law) श्री शारदा रंजन सिन्हा को हस्तगत कराया गया, इसके बावजूद भी आप निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं हुई। श्रीमती शिवानी कुमारी, निम्नवर्गीय लिपिक के ससुर (Father -in-Law) श्री शारदा रंजन सिन्हा द्वारा विशेष दूत को मौखिक रूप से जानकारी दी गयी कि–" आपलोग बार–बार आकर क्यों परेशान करते हैं। श्रीमती शिवानी कुमारी को नौकरी नहीं करना है और वे अपने पति के साथ बाहर रहती है।"

इस प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम रूप से सूचित किया जाता है कि प्रेस विज्ञप्ति जारी होने के एक पक्ष के अन्दर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपस्थित होकर अपने विरूद्ध लगे आरोपों के संबंध में अपना पक्ष रखें। यदि निर्धारित अवधि में उपस्थित होकर अपना पक्ष नहीं रखती हैं, तो यह माना जायेगा कि अपने ऊपर लगे आरोप के संबंध में आपको कुछ भी नहीं कहना है। ऐसी स्थिति में एक पक्षीय जाँच प्रतिवेदन समर्पित कर दिया जायेगा।

संचालन पदाधिकारी
–सह–
अधीक्षण अभियंता(यां0)
सिंचाई विद्युत सह यांत्रिक अंचल,पटना
25/05/26